तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

13 कलेक्टर ने राज्यपाल के गोद लिए ग्राम बिजली में...



14 मुख्य मार्गों पर मवेशियों का राज दुर्घटनाओं का खतरा...



## खबर संक्षेप



### ग्राम भैरा में यदु परिवार ने मनाया अन्नकूट महापर्व

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम भैरा में स्थानीय यदु परिवार के द्वारा इस वर्ष अन्नकूट महापर्व को बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा के अनुसार, सबसे पहले गाय माता को खिचड़ी खिलाकर गो सेवा और गौ पूजन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और आनंद का माहौल बन गया। गाय को अन्नकूट की खिचड़ी अर्पित करने के बाद, परिवार के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सभी ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों को अन्नकूट एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाइयाँ बाँटकर और दीप प्रज्वलित कर समरसता, प्रेम और एकता का संदेश दिया। यदु परिवार ने कहा कि "अन्नकूट केवल एक पर्व नहीं, बल्कि दान, सद्भावना और आभार प्रकट करने का प्रतीक है। दीपावली पर्व के अन्नकूट पर पूरे गांव में भक्ति, उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

### सूखा नदी में मिले युवक के शव की पहचान हुई

**फिंगेश्वर।** सूखा नदी मे मिली युवक का शव का फिंगेश्वर पुलिस ने पता लगा लिया है। युवक का नाम संतोष यादव है। वह टिकरापारा फिंगेश्वर का निवासी है।



वह अपने घर से तीन दिनों तक गायब था। वह शराब भटटी के पास नदी में किससे साथ गया था। उसका शव नदी में कैसे मिला? क्या उसकी हत्या हुई है या फिर सामान्य मौत? इन सभी बातों का पुलिस पोष्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता लगायेगी। लेकिन लोगों का कहना है कि यह मामला संदिग्ध नजर आता है। देखना होगा फिंगेश्वर पुलिस को किस प्रकार से जांच में कड़ी मिलती है।

### भतीजे ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजे ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को विजय प्रधान निवासी ग्राम तोषगांव ने बताया कि वह घर के बाड़ी की ओर नाली रहा है। तरफ मैं नाली बना रहा हूं, जिसे उसके भतीजा पुष्पकांत प्रधान के द्वारा मना किया जाता है। साथ ही उसका दीवार खड़ा कर रहा है। प्रार्थी ने 24 अक्टूबर की शाम करीबन 04.30 बजे उसके पास जाकर दीवार खड़ा करने के लिए मना किया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी पुष्पकांत प्रधान के द्वारा गाली गलौच कर वहीं पास में रखे ईंट से पैर में मार दिया व जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला समूह ने पकड़ी शराब आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम भोकलूडीह के महिला समूह ने एक महिला के पास से महुआ शराब बरामद किया है। घटना की सूचना मिलने पर सांकरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम भोकलूडीह के महिला समूह के अध्यक्ष तिलोतमा साहू एवं सदस्यों के द्वारा ग्राम भोकलूडीह में कार्तिक मोती साहू के द्वारा अवैध रूप से हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रार्थिया तिलोतमा साहू के रिपोर्ट पर आरोपि कार्तिकमोती साहू पति श्यातम लाल साहू (53 साल) ग्राम भोकलूडीह थाना सांकरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# उदंती रिजर्व में तकनीकी क्रांति, अब एआई करेगा वन्यजीवों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और मानव-पशु संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग ने एक बड़ा तकनीकी नवाचार किया है। डीएफओ (उपनिदेशक) वरुण जैन की पहल पर, अब जंगलों में वन्य प्राणियों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैमरा सिस्टम लगाया जा रहा है। डीएफओ वरुण जैन ने एक वीडियो जारी कर बताया कि यह एआई आधारित कैमरा सिस्टम हाथियों के साथ-साथ तेंदुआ और भालुओं की मूवमेंट को भी पहचान कर स्वतः सायरन और अलर्ट कॉल ट्रिगर करेगा। इससे क्षेत्र में तैनात वन अमला और प्रभावित ग्रामीण तुरंत अलर्ट हो जाएंगे, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस नई तकनीक का फील्ड ट्रायल शुरू किया जा रहा है, ताकि इसके वास्तविक उपयोग और प्रभाव को परखा जा सके।

**एआई कैमरा सिस्टम की मुख्य बातें-** स्टार्टअप सहयोगः यह एआई कैमरा सिस्टम वन विभाग ने स्टार्टअप कल्पवैग टेक्नोलॉजीज के सहयोग से विकसित किया है। यह कैमरा न केवल हाथियों, बल्कि **तेंदुआ, भालू और संदिग्ध घुसपैठियों को भी पहचान लेगा। वन्यप्राणी की पहचान होते ही, गाँवों में लगे सायरन सिस्टम चालू हो जाएंगे और वन कर्मचारियों व ग्रामीणों को एआई के माध्यम से अलर्ट कॉल व एसएमएस ⏭ शेष पेज 12 पर

## 3 वर्षों में जनहानि सिर्फ 2, एआई कैमरा अलर्ट ऐप से होगा इंटीग्रेट

### ऑनलाइन मुआवज़ा प्रणाली भी होगी शुरू

मानव-वन्यप्राणी द्वन्द से निपटने के लिए USTR पारंपरिक वानिकी (अवैध शिकार विरोधी अभियान, अतिक्रमण हटाना, वन्यप्राणी रहवास विकास कार्य) और आधुनिक तकनीकों का मिश्रण उपयोग कर रहा है। इसी क्रम में, जनवरी 2026 से फसल-हानि, पशु-हानि, संपत्ति-हानि, जन-घायल और जन-हानि के लिए ऑनलाइन मुआवजा प्रणाली भी शुरू करेगा, जिससे प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजे का भुगतान तेजी से हो सकेगा एवं पारदर्शिता आएगी।



### हाथी ऐप और नवाचार को मिली राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

डीएफओ वरुण जैन के 'टेक्निकल हाथी ऐप' और वन्य संरक्षण को लेकर चलाए गए अभियान की चर्चा अब प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी हो रही है। उनकी इन नवाचारी पहलों ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक नया मॉडल पेश किया है। वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा सक्रिय रहे डीएफओ जैन का यह कदम एक बार फिर मानव और वन्यजीव सहअस्तित्व की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

## समस्या : अन्नदाता का दर्द, मेहताना पाने का समय में बारिश ने बढ़ाई चिंता

# बारिश का कहर, धान की बालियों में आया अंकुरण, किसान हताश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र में नवरात्र पर्व के आसपास हुई लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसल गिर गई , जिसका असर अब कटाई के दौरान साफ दिख रहा है। किसानों के अनुसार, इस बार पैदावार पिछले साल के मुकाबले काफी कम हुई है। गांव कौन्दकेरा, रोहिना ,टेका, तरीघाट , सहसपुर, कुण्डेल,देवरी, जेंजरा, परतेवा ,भैंसातरा बहेरपाल जैसे कई गांवों में धान की कटाई चल रही है, लेकिन बालियों में दाने अधूरे हैं। फसल गिरने और सड़ने से उसकी गुणवत्ता भी खराब हो गई है।

बता दें कि अन्नदाता के लिए उसकी फसल उसके लिए सोने से कम नहीं होती है। उस फसल को जब नुकसान होता है तो किसानों के दिल को लगनी वाली चोट को समझना मुश्किल है। धान के खेत से मंडी तक पहुंचने में फसल को पहुंचाना आज एक संकट बन गया है। क्षेत्र के कई इलाकों में धान का सीजन है लेकिन पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश ने यहां किसानों को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है। वहीं ग्राम पंचायत कौन्दकेरा के किसान विष्णु राम निषाद ने बताया कि जहां पहले एक बीघे में 5-7 क्विंटल धान निकलता था, वहीं इस बार मुश्किल से लगभग 4 क्विंटल ही निकल रहा है। गिरी हुई फसल की कटाई में भी किसानों को काफी परेशानी हो रही है। कुछ किसानों ने यह भी बताया कि गिरी हुई फसल में नमी अधिक होने के कारण थ्रेशर से दाने अलग करने में कठिनाई आ रही है जिससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।



### शादी और बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा असर

वहीं ग्राम पंचायत कौन्दकेरा के किसान रामकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि उनके घर में अपने बेटी की शादी की तैयारी चल रहा है साथ ही उनका बड़ा बेटा का पढ़ाई भी जारी है धान की फसल नुकसान होने से उनकी शादी व बच्चे की पढ़ाई की चिंता बढ़ गई है।

### मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा

शिल्पा साहू, पटवारी कौन्दकेरा ने बताया की अभी वर्तमान में फसल मुआवजा प्रकरण तैयार करने का कोई निर्देश नहीं आया है जैसे निर्देश आयेगा मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा।



### किसान कर्ज में डूबने की कगार पर

किसान लेखन साहू ने बताया कि बारिश व तेज हवाओं के चलते धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है खाद बीज व ट्रैक्टरों से लेकर निदाई तक की हजारों रूपए खर्च हो चुके हैं और मुनाफा नहीं के बराबर दिखाई दे रहा हैं जिससे कर्ज में डूबने की कगार पर है।

## धान कटाई जोरों पर

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में देरी से किसान हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

दीपावली त्यौहार खत्म होने के बाद किसान एक बार फिर खेतों की ओर लौट गए हैं। रसेला सहित अंचल में इन दिनों धान की कटाई जोरों पर चल रही है। किसान भी खेतों में फसल कटाई और उनकी सुरक्षा को लेकर जुट गए हैं। क्षेत्र के गांव में इन दिनों धान फसल की कटाई मजदूर, हार्वेस्टर, थ्रेसर मशीनों से हो रही है। अधिकांश किसानों ने अपनी फसल को मजदूर नहीं मिलने से हार्वेस्टर से कटाई कर धान को खलिहान या घर पर रख रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जैसे तैसे दीपावली त्यौहार मनाऐ गये, मगर अब धान कटाई और हार्वेस्टर वाले को पैसे देने के लिए औने-पौने दामों में अपनी फसल को कोचिया के पास



बेचने के लिए उनकी आर्थिक क्षति हो रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू करने का आदेश जारी किया गया है। फसल कटने के बाद किसानों को आज से 20 दिन और इंतजार करना पड़ेगा। मौसम के उतार चढ़ाव के चलते फसल में कीट प्रकोप बढ़ गया है। दवाई का छिड़काव करने के वावजूद असर नहीं हो रहा है। सरना,जमूना,समदा, सरना बड़े किस्म की धान की बालियां निकल गई है। किसान ⏭ शेष पेज 12 पर

# बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र ऐन फसल कटाई के समय बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के क्षेत्र से किसान चिंतित हो गए है। ऐन फसल पकने के समय बारिश होती है तो किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान उस वक्त सकते में आए गए जब शनिवार को कहीं-कहीं पर बूदाबांदी और छींटे पड़ी। मौसम विभाग ने तीन दिनों तक अलर्ट जारी किया है। दीपावली के पूर्व मानसून की विदाई के समय हुई बारिश से फसल कटाई में विलंब हुआ है। अभी खेतों में कटाई के लिए समय है, किंतु बदली की आंखमिचौली से कीट प्रकोप का खतरा बढ़ गया है। इससे बचने के लिए किसान पहले ही दवाई डाल चूके है। मौसम



विभाग के अनुसार पूर्व. मध्य अरब सागर और दक्षिण. पूर्व बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर तक दक्षिण. पश्चिम और उससे सटे पश्चिम, मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। जिसका प्रभाव प्रदेश के 27 जिलों पर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आने वाले दो दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम बारिश के आसार है। बता दें कि अंचल में एक बार फिर से मौसम बदलाव अगले दो दिनों में देखा जा सकता है। जिसका असर सोमवार से दिखाई देने लगा है। सुबह से ही क्षेत्र के कई हिस्सों में बादल होने के कारण धूप, छांव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्व. मध्य अरब सागर और दक्षिण. पूर्व बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर तक दक्षिण. पश्चिम और उससे सुदे पश्चिम, मध्य बंगाल की खाडी पर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। जिससे प्रदेश में इसका असर, देखने को मिलेगा। प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में अगले 24 घंटे के दौरान मौसम बदलने की संभावता है।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड का प्रसारण जिलेभर में उत्साहपूर्वक सुना गया।

- मन की बात में पीएम मोदी ने छठ पूजा की दी शुभकामनाएं

जिला मुख्यालय गरियाबंद में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चाय दुकान में आम जनता के बीच बैठकर कार्यक्रम का श्रवण किया। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और लोगों से इस उत्सव में शामिल होने की अपील की। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव, सरदार पटेल की 150वीं जयंती और रन फॉर यूनिटी जैसे विषयों पर भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव और मंडल अध्यक्ष सुमित पारख के साथ ही पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, भाजपा आईटीसेल संयोजक सागर मयाणी, प्रकाश यादव, मंडल कोषाध्यक्ष खेम सिंह बघेल, युवा नेता तरुण ठाकुर, प्रतीक सिंह, लीलाराम नेताम, अर्जुन सोनवानी सहित आमजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा की मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश में सकारात्मक सोच और जनभागीदारी की भावना बढ़ी है।

**स्वदेशी वस्तुओं का करें उपयोग-** प्रधानमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की जो अपील की है, वह आज आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त कर रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' समाज के हर वर्ग को प्रेरित करने वाला कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री जनता के बीच सीधे संवाद कर देश की आत्मा को जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि गरियाबंद के कार्यकर्ता हर माह आम जनता के बीच बैठकर मन की बात सुनते हैं, जिससे जनता और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और विश्वास और मजबूत होता है।

## वन विभाग मैदान पर पड़े वाहनों के चक्के, बैटरी व अन्य कजपुर्जे हो रहे गायब

# राजसात किए गए दर्जनों वाहन कबाड़ में हो रहे तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व और गरियाबंद वनमंडल क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी, खनिज मुरम और वन संपदा की तस्करी में जब्त किए गए लाखों-करोड़ों रुपये के वाहन अब मैनपुर वन विभाग परिसर में कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। राजसात की कार्रवाई के बावजूद समय पर वाहनों की नीलामी न होने से जहां एक ओर शासन को भारी राजस्व की हानि हो रही है, वहीं दूसरी ओर इन जब्त वाहनों से महंगे कलपुर्जे चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। पिछले पांच से छह वर्षों के दौरान वन विभाग की टीम ने लकड़ी की अवैध तस्करी और जंगल के भीतर अवैध खुदाई करते हुए दर्जनों मोटरसाइकिल, ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप और अन्य महंगे वाहनों को जब्त कर राजसात की कार्रवाई की है। ये सभी वाहन मैनपुर वन विभाग परिसर में खुले में पड़े हुए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन वाहनों पर पेशेवर चोरों की गिद्ध दृष्टि है। सुनेपन का फायदा उठाकर इन जब्त वाहनों के **महंगे कलपुर्जों को निकालकर उनके स्थान पर पुराने कबाड़ पुर्जे लगाने का खेल लंबे समय से चला आ रहा है। पूर्व में भी जब्त किए गए एक ट्रैक्टर के नए पहिये को रात के समय निकालते हुए दो लोगों को वन विभाग के कर्मचारियों ने पकड़ा था। स्थानीय प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान न देना समझ से परे है।

**क्षेत्र के लोगों ने डीएफओ से की मांग-** मैनपुर क्षेत्र के लोगों ने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन से मांग की है कि 1. राजसात किए गए जब्त वाहनों की समय पर नीलामी करवाई ⏭ शेष पेज 12 पर








### देखरेख के अभाव में शासकीय ट्रक भी हुआ कबाड़

वन विभाग की लापरवाही का एक और उदाहरण परिसर में खड़े दो शासकीय ट्रक हैं। चार-पांच वर्ष पहले तकनीकी खराबी आने पर इन ट्रकों को बरगद के पेड़ के नीचे खड़ा कर दिया गया था। देखरेख के अभाव में अब इन दोनों ट्रकों के चक्के और अधिकांश सामग्री गायब हो चुकी है, और ये पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं। जानकारों का कहना है कि मामूली खराबी को 10-15 हजार रुपये की लागत से ठीक किया जा सकता था, लेकिन अनदेखी के कारण करोड़ों की सरकारी संपत्ति बर्बाद हो गई।

# अनियंत्रित कार खाई में गिरी, दो लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी पर रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। आंध्र प्रदेश की कार (क्रमांक एपी 40 ईआर 2408) में सवार लोग अस्थि विसर्जन करने के लिए जा रहे थे। मैनपुर के राजापड़ाव घाटी के पास कार अचानक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार दो लोगों को चोटें आई हैं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने शिक्षा संस्थान को प्रदान किए 4 ई-रिक्शा



**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को राजभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने राजभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग विभिन्न सरस्वती शिक्षा संस्थानों में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के साथ मनाया दिवाली उत्सव



**रायपुर**। नगर माता बिन्नी बाई सोनकर गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय भाठागांव में पदस्थ समाजसेवी राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक बिहारी लाल शर्मा ने अपनी शाला में शनिवार को विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला के प्रत्येक कमरे बरांडे एवं गेट पर मिट्टी के दीए जलाए। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अनारदाना, चकरी, फूलझड़ी एवं अन्य पटाखे फोड़े। इसके बाद शिक्षक द्वारा सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया एवं विद्यार्थियों ने आपस में एक-दूसरे से मिलकर दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

### कबाड़ सामग्री की नीलामी 30 को

**रायपुर**। कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के कार्यालयों के कबाड़ हो चुकी सामग्री की नीलामी होगी। रेडक्रास भवन में 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होने वाली इस नीलामी में कोई भी हिस्सा ले सकता है। इस नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सामग्री बेची जाएगी। कलेक्टरोरेट की नाजिर शाखा अनुपयोगी सामग्री की सार्वजनिक नीलामी करने जा रही है। इस नीलामी में फर्नीचर, लोहा एवं प्लास्टिक, रबर श्रेणी की वस्तुएं शामिल हैं। इनमें फर्नीचर में 7 चेयर (गद्दा वाली), 9 चेयर (केनिन वाली), 2 दरवाजा, 4 टेबल, 1 कांच लगी रैक, लोहा की वस्तुओं में 3 चेयर, 4 टेबल, 1 फोटो कॉपी मशीन, प्लास्टिक-रबर सामग्री में 30 टायर हैं। इन सभी सामग्री के लिए बोली लगवाई जाएगी। नीलामी में जिसकी बोली सबसे अधिक रहेगी उसे सामग्री बेची जाएगी। अफसरों ने बताया कि नीलामी में जिसे भी सामग्री बेची जाएगी, उसे तत्काल बोली की रकम जमा कराना होगा तथा अपने व्यय पर सामग्री का उठाव करना होगा।

# खल्लारी साहू समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ, छात्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह मंगल भवन खलारी में हुआ। इस अवसर बागबाहरा तहसील अध्यक्ष एवन साहू ने सभी नवनिर्वाचित व मनोनित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जहां समारोह के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। प्रमुख अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरमदास साहू ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथि बागबाहरा तहसील साहू संघ के अध्यक्ष एवन साहू, बागबाहरा तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भेखलाल साहू, जय खल्लारी परिक्षेत्र के संरक्षक सेवाराम साहू, तहसील साहू संघ बागबाहरा पूर्व अध्यक्ष भुवनलाल साहू, जय खल्लारी परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष देवक राम साहू, जय खल्लारी परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष चमनलाल साहू, सलाहकार सेवक राम साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू उपस्थित रहे।

अतिथियों ने सर्वप्रथम खल्लारी स्थित भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा अर्चन किया गया। तत्पश्चात उन्हें राउत नाचा से स्वागत करते हुए माता राऊर तक लाया गया। माता राऊर में माता खल्लारी के दर्शन कर सभी अतिथिगण मंगल भवन शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जहां तैलिक कुल के आराध्य देवी भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं इस दौरान बालिका अनीता एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ राज गीत और स्वागत गीत प्रस्तुत किए। शपथ ग्रहण समारोह में तहसील साहू संघ बागबाहरा के अध्यक्ष एवन साहू द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष चंदूलाल साहू, उपाध्यक्ष अलखराम साहू, ममता संजय साहू, संगठन सचिव हेमन साहू, भुनेश्वरी पुरुषोत्तम साहू एवं समस्त मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि साहू समाज से मुझे हमेशा प्रेम और सम्मान मिला हैं। यह एक विकसित जागरूक समाज है। जिसका सभी समाज अनुकरण करते हैं। प्रमुख अतिथि चुन्नीलाल साहू ने साहू समाज और खल्लारी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को सब के समक्ष रखा। धरमदास साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज में किए गए नवाचार संबंध में सबको अवगत कराते हुए धर्मांतरण एवं लव जिहाद से सबको सचेत रहने की बात कही। वहीं कार्यक्रम को महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, बागबाहरा तहसील अध्यक्ष एवन साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष भेखलाल साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने भी संबोधित किया। आयोजन में परिक्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को डेरहा राम साहू स्मृति पुरस्कार के तहत प्रशस्ति पत्र और नगद प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही परिक्षेत्र के वरिष्ठजनों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन युगलकिशोर साहू एवं आभार प्रदर्शन परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने किया।



कार्यक्रम में खोरबाहरा साहू, कलाराम साहू, सुखरुराम साहू, नवनियुक्त सचिव सारकेश साहू, सखाराम साहू, वेणु साहू, विष्णु साहू, कमरौद के सरपंच भारती साहू, चुरकी के सरपंच सावित्री साहू, बिंदु साहू, दुरपती साहू, सदाराम साहू, सुरमाल परिक्षेत्र अध्यक्ष दुबेलाल साहू, सिंघी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नोहर साहू, जयप्रकाश साहू, गोपाल साहू, मनोज साहू, बृज साहू, केशव साहू, लालजी साहू, भास्कर साहू, बीके बाहरा सरपंच खेमराज साहू, भारतलाल साहू, तेजराम साहू, सेवाराम साहू, ताम्रराज साहू, कन्हैया साहू, पुनाराम साहू, रोशन साहू, पुरुषोत्तम साहू, संजय साहू, शांत साहू, माधो साहू, राजेंद्र साहू, टिकेश साहू, धनेश्वर साहू, खिलेश साहू, महेंद्र साहू, प्रमोद साहू, प्रहलाद साहू, द्वारिका साहू, होमन साहू, शेखर साहू, अभिषेक साहू, गौतम साहू, भारत साहू, तिलक साहू, खिलेंद्र साहू, गजानंद साहू, राजेंद्र, खूबलाल साहू, देवनारायण साहू, देवसिंह साहू, खेमराज साहू, गया साहू, रूपचंद साहू, लोमेश्वर साहू, पवन साहू, यादराम साहू, डागेश्वर साहू, माखन साहू, हरिराम साहू, गौरीशंकर साहू, उत्तरा साहू, ममता साहू, दुर्गेश साहू, ताराचंद साहू आदि उपस्थित रहे।

#### आयोजन में छात्र-छात्राएं सम्मानित

समारोह में हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों जो बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें डेरहा राम साहू स्मृति पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परिक्षा में गोपिका साहू (खुटेरी), ओम साहू (कमरौद), आकाश साहू (हाड़ाबंद), षष्ठी साहू (परसदा), हायर सेकेंडरी स्कूल में भी उत्कृष्ट परिणाम गरिमा साहू (नवागांव), चंचल साहू (कमरौद), कुमकुम साहू (हाड़ाबंद) आदि को भी सम्मानित किया गया।

# बूथ स्तरीय बैठक में विकास सुरक्षा और संगठन सशक्तिकरण पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम शीतलपुर में भव्य बूथ स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जोश और उत्साह से भरे माहौल में नरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और जन-जन तक सरकार की योजनाओं का संदेश पहुंचाने पर बल दिया। नरेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को गरीब, किसान और महिला सशक्तिकरण का आधार बताया। उन्होंने देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक राफेल डील और पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्र की गर्व की उपलब्धि बताया।

#### राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा

राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार आमजन के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में विशेष रूप से महतारी वंदन योजना, चरण पादुका योजना, सरस्वती सायकल योजना और मुख्यमंत्री कौशल विकास मिशन की चर्चा हुई। इन योजनाओं ने महिलाओं, छात्राओं और युवाओं को आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण की नई दिशा दी है।

#### संगठन सशक्तिकरण का संकल्प

नरेंद्र ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, जनता से सतत संवाद बनाए रखने और पार्टी की विचारधारा को हर वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया। मुख्य रूप से महामंत्री उर्मिला सरोज पटेल,दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष सरिता जगत, मंडल मंत्री अरुण स्वर्णकार, भाजपा वरिष्ठ नेता लहराम कर्ष, सरपंच पति दिलीप अजगले, प्रेमलाल, पिंकू यादव, समारोह यादव, मदन यादव समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला जर्जर झोपड़ी में रहने को मजबूर, पीएम आवास योजना से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पतेरापाली में एक वृद्ध महिला जर्जर झोपड़ी में रहने मजबूर है। महिला अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित है। बता दें कि समाजसेवी मनोज पटेल ग्राम पंचायत पतेरापाली के एक वृद्ध महिला पानबाई पति प्यारेलाल 65 वर्ष जाति मरार पटेल वार्ड नं एक शांति नगर तरियापारा में हाल चाल जानने पहुंचे।

तब वृद्ध महिला ने बताया कि जर्जर आशियाना में जान जोखिम में डाल कर डर-डर कर रहने को विवश हैं। पटेल ने पीएम आवास नहीं मिलने तथा बेसहारा वृद्ध महिला की प्रशासन द्वारा अनदेखी पर सवाल उठाए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर गरीब परिवारों को रहने के लिए पक्का आवास दिया जा रहा है। लेकिन, यह विडंबना वास्तविकता देखा जाय तो ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों में जिन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की आवश्यकता है उसे लाभ नहीं मिल पा रहा है। खपरैल वाले मिट्टी के घरों में हर साल मरम्मत पॉलीथिन के सहारे लेना पड़ता है। वास्तविक प्रशासन को जमीनी हकीकत जानने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में उतारना चाहिए। यहां तो संपन्न लोगों को पीएम आवास मिला। लेकिन, गरीबों को आवास से वंचित होना पड़ रहा है। गरीब लेंटर छत वाले मकान में रहने सपना देख रहा है।

#### ग्राम पंचायतों को दिया जाए अधिकार

कम से कम दस हितग्राही ऐसे जो कच्चे मकान में रह रहे हो, उन्हीं को पंचायत बैठक में प्रस्ताव कर पीएम आवास का लाभ मिल सके। ऐसे लोगों को हर वर्ष चिन्हाकिंत किया जाना चाहिए। 65 वर्षीय वृद्ध बेसहारा महिला का घर पूरी तरह से जर्जर सा हो गई है। ऐसी हालत में न जाने कब मलबा गिर न जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। बेसहारा वृद्ध महिला जाए तो कहां जाए। हर महीने 35 किलो चावल और 500 रुपए पेंशन से गुजारा करने विवश है। समाजसेवी मनोज पटेल ने तत्काल वृद्ध महिला को प्रशासनिक मदद दिलाने शासन-प्रशासन से मांग की है।

# क्लेम प्रोसेसिंग के लिए टीपीए जल्द, ऑडिट करने वाली एजेंसी का अब तक पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में निजी अस्पताल से आने वाले क्लेम प्रोसेसिंग के लिए थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन के लिए नई एजेंसी शीघ्र तय किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य योजना की स्टेट नोडल एजेंसी इस प्रक्रिया में जुटी है, मगर इसके पहले क्लेम को क्रास चेक करने संस्था तय करने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इसकी वजह से जिला स्तर पर नॉन मेडिकल कर्मचारी मनमाने तरीके से ऑडिट कर रहे हैं।

संस्था नहीं मिलने की वजह से अगस्त में निरस्त की गई शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निजी अस्पतालों से इलाज के बाद आने वाले भुगतान के दावों की प्रक्रिया पूरी करने टीपीए कंपनी तय करने के लिए प्रक्रिया सितंबर में पुनः शुरू हो गई है। एजेंसी तय करने का काम इस माह के अंतिम दिनों में पूरी होने की संभावना है। सूत्रों का मानना कि क्लेम प्रोसेसिंग का काम पूरा करने के लिए एजेंसी मिल जाएगी मगर इसके पहले अस्पतालों में जाकर किए गए इलाज के दावों की जांच करने डाक्टरों की व्यवस्था करने वाली संस्था तय करने का काम अब तक शुरू नहीं किया गया है।

#### दबी जुबान में शिकायत भी

भुगतान के लिए आने वाले दावों की ऑडिट के लिए जाने वाली जांच टीमों के खिलाफ निजी अस्पतालों द्वारा दबी जुबान में शिकायत भी की जा रही है।आरोप यह भी है कि अस्पतालों तक पहुंचने वाले जांच अधिकारी केस की गंभीरता देखने के बजाए अपनी डिमांड पर ध्यान दे रहे हैं। राज्य में संचालित 90 फीसदी निजी अस्पतालों का संचालन आयुष्मान योजना के भरोसे हो रहा है। वहां पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज इस योजना के हितग्राही है। वहीं कुछ बड़े अस्पतालों ने विवादों से बचने के लिए इस योजना से ही खुद को दूर कर लिया है।

# वनांचल क्षेत्रों का विकास मेरी प्राथमिकता : विधायक चातुरी



**सरायपाली (ग्रामीण)**। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम माकरमुता पहुंचीं। इस दौरान विधायक चातुरी नंद का ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य, गीत और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव की मूलभूत सुविधाओं विशेषकर माकरमुता से घाटकछार सड़क निर्माण, स्कूल भवन मरम्मत, सीसी रोड निर्माण , सामुदायिक भवन और कई अन्य मांग रखी।

ग्रामीणों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए विधायक चातुरी नंद ने ग्राम माकरमुता में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति की घोषणा की। साथ ही उन्होंने बताया कि माकरमुता से घाटकछार तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है, जिसे शीघ्र स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे गर्व है कि मैं आज हमारे वनांचल के भाइयों-बहनों के बीच हूं। सरकार की मंशा है कि समाज का कोई भी वर्ग विकास से वंचित न रहे। चाहे सड़क हो, बिजली, पानी, शिक्षा या स्वास्थ्य, हर सुविधा गांव-गांव तक पहुंचना मेरा संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि वन क्षेत्र के लोग हमारे समाज की ताकत हैं। आपके परिश्रम और सहयोग से ही क्षेत्र प्रगति की ओर बढ़ रहा है। मैं आप सबको विश्वास दिलाती हूं कि माकरमुता और आसपास के गांवों में विकास की गाड़ी अब तेज़ गति से चलेगी। सड़क और सामुदायिक भवन निर्माण से यहां के युवाओं, महिलाओं और किसानों को नई सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने विशेष रूप से महिलाओं और युवा समूहों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाएं। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहली बार इतने वर्षों बाद किसी जनप्रतिनिधि को उनके बीच प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं।

ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद दिया कि उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रुसबो बरिहा, सरपंच घाटकछार के प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि डॉ बिरांची बेताल, सरपंच प्रतिनिधि सिंघोड़ा तन्मय पंडा, सेंधु विशाल सरपंच बाँझापाली, सरपंच छिबर्रा वर्षा जशोवंत बरिहा, कमलेश साहू, अमित प्रधान, गणेश राम साहू मंटू बारीक़ आदि मौजूद रहे।

# सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन कार्य बेहद सुस्त अनुबंध के ढाई साल बाद भी क्लीयर नहीं हुई साइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।



सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक निष्पादन करने का ठेका लेने वाली एजेंसी समय पर अपना काम पूरा नहीं कर पायी है।

अनुबंध के ढाई साल बीतने के बाद भी ठेका एजेंसी अब तक साइट क्लीयर नहीं कर पाई है। अब तक 28 एकड़ में जमा कूड़ा की स्क्रीनिंग का काम ही हो पाया, बाकी के 10 एकड़ में दबे कूड़े को हटाने में समय ज्यादा लग रहा है। काम में सुस्ती को लेकर अनुबंधित एजेंसी को अब तक 2 दर्जन नोटिस दिया जा चुका है। साथ ही 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान भी रोका गया है।

सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में फैले 4 लाख 50 हजार मीट्रिक टन कूड़ा को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने नगर निगम ने राज्य शासन के आदेश पर रायगढ़ की हिलब्रो मेटेलिक एंड आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड को जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपये में ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था, पर अब तक अनुबंधित एजेंसी अपना काम पूरा नही कर पाई।

#### 2 दर्जन नोटिस बेअसर

हैरानी की बात ये है कि नगर निगम ने रायगढ़ की जिस एजेंसी को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। उसके काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए निगम प्रशासन 2 दर्जन नोटिस काम में तेजी लाने के लिए दे चुका है। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी काम में अपेक्षाकृत तेजी नहीं ला सकी।

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने एजेसी को संसाधन बढ़ाने की भी हिदायत दी, पर इसका असर देखने को नहीं मिला। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि डेढ़ साल में सिर्फ 1 करोड़ 50 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया, जबकि 1 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान रोका गया है। साइट क्लीयर होने के बाद यहां सिटी फारेस्ट बनाने की योजना है।

# गोवर्धन पूजा महोत्सव मनाया गया गौमाता को खिलाई गई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के उड़िया पारा में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में गिरि गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से शुभारंभ किया गया। श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत की विशेष पूजा एवं आरती की गई। क्षेत्र के साथ साथ प्रदेश एवं देश की ख़ुशहाली, सुख शांति, समृद्धि की कामना की गई। गौमाता की पूजा अर्चना कर अन्नकूट खिलाई गई एवं भगवान को भोग लगाकर सभी सामाजिक बंधुओं एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद यादव समाज के युवाओं द्वारा बाइक रैली कर नगर भ्रमण किया गया। दोपहर को भण्डारा का आयोजन किया गया। पश्चात यादव समाज के मातृशक्ति, बच्चों, युवा एवं बुजुर्गों द्वारा एक साथ उड़िया पारा टाउन हॉल से महारैली यादवमय होकर उत्साह के साथ नगर में निकाली गई। जिसमें राउत नाचा, घंट बाजा पार्टी, डीजे में भजन की धून के साथ आतिशबाजी करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से नाचते गाते हुए पूजा स्थल तक पहुंची। जहाँ पर सभी ने भगवान का दर्शन पूजन कर समाज द्वारा आयोजित किए गए महाप्रसाद कार्यक्रम में भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किए। इस कार्यक्रम में यादव समाज के संरक्षक मनोरथ लाल यादव, संरक्षक रथराम यादव, मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव,दिनेश कुमार यादव, मयंक यादव मोंटी, शुभम यादव आदि उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

#### उदंती रिजर्व में...

भी चला जाएगा। ये एआई कैमरे हाथी गलियारों के प्रवेश बिंदुओं पर लगाए जाएंगे, जो सबसे ज्यादा हाथी प्रभावित गाँवों के पास हैं। कैमरों को लगाने का स्थान 2023 में लॉन्च किए गए 'एलिफेंट ट्रैकिंग और अलर्ट ऐप' से प्राप्त 3 साल के डाटा पर आधारित होगा। कैमरों में इंफ्रारेड क्षमता होगी, जिससे रात में भी 50 मीटर की दूरी में वन्यप्राणियों का पता चल सकेगा। येकैमरे, हाथी मित्र दलों/हाथी ट्रैकरों के प्रयासों के पूरक के रूप में कार्य करेंगे।

**मानव-पशु संघर्ष में कमी-** कोर और बफर क्षेत्रों में स्थित 120 गाँवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग तत्पर है। 'हाथी मित्र दल' और 'अलर्ट ऐप' ने पिछले 3 वर्षों में 40 से अधिक हाथियों, 100 तेंदुओं एवं 500 भालुओं की मौजूदगी के बावजूद, वन्यजीवों द्वारा जनहानि की संख्या को घटाकर केवल 2 तक लाने में मदद की है।

#### समर्थन मूल्य पर...

नारायण सिंह ठाकुर, अशोक अग्रवाल, कृष्णा साहू, राधे सेन, भोजराज नागेश, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, दूकालू राम साहू, तेजराम साहू, ठाकुर राम चन्द्राकार, केशुराम ध्रुव ने कहा है कि इस बार फसल उत्पादन निश्चित रूप से प्रभावित होगा। धान का वजन घटेगा और गुणवत्ता भी कम होगी। धान की फसल में माईनट,माहो लगने से अपने नुकसान की भरपाई नहीं कर पायेंगे। धान खरीदी में विलम्ब होने के कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। अक्टूबर माह में हरूना किस्म की 50 प्रतिशत से भी ज्यादा फसलों की कटाई हो जाएगी। धान मिजाई करने के बाद भी धान बिक्री नहीं होने के कारण किसान खेत खलिहान में धान की रखवाली कर रहे हैं और औने-पौने दाम पर धान को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

#### राजसात किए गए...

जाए, ताकि शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व की प्राप्ति हो सके। 2. कबाड़ में तब्दील होते इन कीमती वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय वन प्रशासन को दी जाए। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि तस्करों से जब्त किए गए कई वाहन राजसात किए जा चुके हैं और कई की कार्यवाही प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन वाहनों की नीलामी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वाहनों के कलपुर्जे गायब हो रहे हैं तो इसके लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### छात्रों के लिए कैरियर गाइडेंस का आयोजन

**महासमुंद।** रविवार को राम जानकी मंदिर परिसर ग्राम लाफिनकला में ग्राम के उत्साही शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल और गोवर्धन प्रसाद साहू की पहल पर ग्राम के नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



### मातर महोत्सव में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** स्थानीय आंबेडकर चौक के समीप गौरा चौरा के पास यादव समाज द्वारा मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर यादव भाइयों के साथ राउत नाच भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि मातर जैसे लोकपर्व हमारी संस्कृति की पहचान हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को बढ़ाते हैं। समाज द्वारा परंपराओं को जीवंत रखने का प्रयास किया जा रहा है व अनुकरणीय है। इस अवसर पर यादव समाज के लोग व नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### नपाउपाध्यक्ष ने यात्रियों से की मुलाकात

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत महासमुंद जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग से जिलेभर से 346 लोग काशी विश्वनाथ, प्रयागराज दर्शन के लिए 27 अक्टूबर को रवाना होंगे। इन दर्शनार्थियों को नगर पालिका के मांगलिक भवन में ठहराया गया है। व्यवस्था को देखने नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा नेता शरद मराठा मांगलिक भवन पहुंचे। सभी यात्रियों से कुशलक्षेम पूछा गया। भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की भी जानकारी ली। 27 अक्टूबर को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं भाजपाइयों द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। शासकीय चिकित्सकों द्वारा यात्रियों का मेडिकल चेकअप भी किया गया।

**निरीक्षण :** जिम, सौंदर्यीकरण गार्डन और प्रवेश द्वार, शौचालय निर्माण कार्यों का लिया जायजा गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने राज्यपाल के गोद लिए ग्राम बिजली में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, शौचालय निर्माण कार्य पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्यपाल रेमन डेका के गोद ग्राम पंचायत बिजली (विकासखंड फिंगेश्वर) में रविवार को गरियाबंद कलेक्टर भगवान दास उईके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकार, उपसंचालक समाज कल्याण डीपी ठाकुर, और एसडीएम राजिम विशाल महाराणा निरीक्षण के लिए पहुँचे। उनके साथ एब ई अशोक साहू, जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच पद्मा निषाद, पूर्व सरपंच मोती निषाद, सचिव गोवर्धन निषाद, अनिल साहू, और लेखु साहू भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बिजली हाई स्कूल मैदान में जिम, सौंदर्यीकरण गार्डन, फेवर ब्लॉक, शौचालय, प्रवेश द्वार (4 नग), फेंसिंग जाली, और आहाता निर्माण सहित स्वीकृत विकास कार्यों के प्रथम चरण का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय निर्माण कार्य को निर्धारित स्थल से अलग स्थान पर शुरू किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे विशेषकर महिलाओं को जिम और गार्डन आने-जाने में असुविधा होगी। इस पर कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी और सब ई को कड़ी फटकार लगाई।



### राज्यपाल डेका फिर करेंगे बिजली पंचायत का दौरा

कलेक्टर भगवान दास उईके ने जानकारी दी कि माननीय राज्यपाल रेमन डेका आगामी पंद्रह दिनों के भीतर पुनः बिजली पंचायत का दौरा करेंगे। हालांकि उनकी यात्रा की अंतिम तिथि तय नहीं हुई है, पर यह तय है कि राज्यपाल जल्द ही ग्राम का पुनः निरीक्षण करेंगे। ज्ञात हो कि राज्यपाल 5 जुलाई को पहली बार बिजली पंचायत के आश्रित ग्राम मडवाडिही पहुँचे थे, जहाँ उन्होंने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर ग्राम विकास की अवधारणा प्रस्तुत की थी।

सरपंच पद्मा निषाद ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति, पंचायत और ग्रामवासियों की सहमति से स्थल का चयन किया गया है। स्पष्टीकरण से कलेक्टर संतुष्ट हुए और निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण और आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवेश द्वार को सुंदर सजावट से सुसज्जित किया जाए तथा मैदान की साफ-सफाई और झाड़-झंखाड़ हटाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर उईके ने कहा कि राज्यपाल के गोद ग्राम होने के कारण प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी व निरीक्षण जारी है, ताकि ग्राम में मूलभूत सुविधाएं और विकास कार्यों का तेजी से विस्तार किया जा सके।

**कुंडेल से मडवाडिही सड़क की होगी मरम्मत-** जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच पद्मा निषाद, और पूर्व सरपंच मोती निषाद ने कुंडेल से मडवाडिही सड़क की खराब हालत पर सुधार की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 5.50 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, और मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। वहीं विभागीय अधिकारी अभिषेक पाटकर ने कहा कि अगले दो दिनों में कार्य आरंभ किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिससे चारपहिया वाहन, बस और ट्रक का आवागमन बंद है। क्षेत्रवासी लंबे समय से मरम्मत की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने कहा कि स्वीकृत राशि पर्याप्त नहीं है, और राशि बढ़ाकर संपूर्ण मार्ग सुधार की मांग की है।

**सभी स्कूलों में रंगाई-पुताई और मरम्मत के निर्देश-** कलेक्टर ने सरपंच पद्मा निषाद को कहा कि शासन द्वारा जारी राशि से ग्राम के सभी विद्यालयों की रंगाई-पुताई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएँ, जिससे विद्यालयों का वातावरण स्वच्छ और आकर्षक बन सके। उन्होंने मानिटरिंग करते रहने के निर्देश दिए।

**नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग फिर उठी-** बिजली, चैतरा, खुटेरी, खुडियाडिही के किसानों को लम्बी दूरी तय कर उपार्जन केन्द्र बोरसी धान बेचने जाना होता है, इस लिहाज से विगत दस साल से इस क्षेत्र के किसान नवीन धान केन्द्र खोलने की मांग करते आ रहे हैं। जिला स्तर का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा चुका है, निर्णय शासन को करना है। कलेक्टर को पूछने पर जानकारी दी कि सम्भावना कम है खुलने की तो किसान व जनप्रतिनिधि निराश हो गए। फिर भी उम्मीद जागी है कि राज्यपाल के समक्ष ठोस बात रखेंगे और नवीन केन्द्र खोलने की मांग रखेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का हरदी बूथ में हुआ प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भाजपा मण्डल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर छुरा के निर्देशानुसार मण्डल के हर बूथ पर मन की बात सुनने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीगण को कहा गया था।पार्टी के निर्देशानुसार रुपनाथ बंजारे भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष व हरदी बूथ अध्यक्ष एवं उप सरपंच संघ अध्यक्ष छुरा ने सभी ज्येष्ठ श्रेस्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुने और मोदी ने कहा छठ महापर्व इसे संस्कृति, प्रकृति और समाज की गहरी एकता का प्रतीक बताया। महिलाओं के समर्पण और परंपरा की सराहना की।भारतीय कॉफी,भारत की कॉफी अब विश्वभर में प्रसिद्ध हो रही है।कोरापुट कॉफी का विशेष उल्लेख।पर्यावरण संरक्षण मैंग्रोव वन गुजरात में इनके संरक्षण से डॉल्फिन की संख्या बढ़ी।गार्बेज कैफे (अंबिकापुर) प्लास्टिक कचरा लाने पर मुफ्त भोजन। एक पेड़ माँ के नाम अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान। राष्ट्रीय सुरक्षा ऑपरेशन सिंदूर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति की वापसी।भारतीय नस्ल के डॉग्स BSF और CRPF में इनका उपयोग बढ़ा।सांस्कृतिक धरोहर वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर गर्व जताया।संस्कृत भाषा युवाओं द्वारा इसके प्रचार-प्रसार की प्रशंसा आदिवासी गौरव कोमरम भीम और भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि।आत्मनिर्भरता जीएसटी बचत उत्सव और वोकल फॉर लोकल अभियान पर जोर।



## छुरा के शिक्षकों का मिला शिक्षारत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए राजधानी रायपुर में एक ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वृहद कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माताओं और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा एवं सामाजिक पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। यह पहला अवसर था जब सेवा और सृजन के लिए दृढ़ संकल्पित प्रदेश के सभी शासकीय शिक्षकों को एक मंच पर सम्मानित किया गया। शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिल्पकारों को एक माला में पिरोने का यह प्रयास अनोखा रहा। इस समारोह में, 'द टाइगर ऑफ मैथमेटिक्स' की उपाधि से सम्मानित सेवानिवृत्त व्याख्याता केआर सिन्हा के शिक्षक पुत्र-पुत्रियों को 'शिक्षारत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई। उन्हें योग, शिक्षा, स्काउटिंग, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया, जिसने नगर को गौरवान्वित किया है। विदित हो कि सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा एवं राम बाई सिन्हा की बेटियां अमोलिया सिन्हा, महेश्वरी सिन्हा, दानेश्वरी सिन्हा, दामिनी सिन्हा, दामाद संजय सिन्हा, पुत्र अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं भाई कला कुमार सिन्हा सभी शिक्षक के रूप में नवकोपलों को संवारने का कार्य कर रहे हैं। राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किए जाने पर सामाजिक पदाधिकारियों, कुटुम्बजनों, इष्ट मित्रों जैसे भूपेन्द्र सिन्हा, पोस्ट ऑफिस शाखा प्रबंधक बलराम सिन्हा, नारायण सिन्हा, कमलेश सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, कंचन, प्रिया, मधु, पूर्वी, गुंजन, योगिता, प्रवीण, नंद किशोर, रुद्र प्रताप, रोमित आदि ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।




## भाजपाइयों ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, माखन पटेल, हनीश बग्गा, अभिषेक पांडे, शरद राव, शंकर लाल सोनवानी उपसरपंच बम्हनी, दुकालू राम साहू, रामेश्वर पटवा, आरके सेन, अजय सिन्हा, विजय सिन्हा, टीका राम सिन्हा, लोक नाथ निषाद, चिनेश कांत, प्रमोद ध्रुव, सुरेश कुमार साहू, प्रशांत शर्मा, बूथ अध्यक्ष गोपी कन्नौजे और अन्य उपस्थित थें।



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए पिथौरा से 53 श्रद्धालु रवाना

**पिथौरा (ग्रामीण)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत पिथौरा ब्लॉक से 53 श्रद्धालु शनिवार को पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुए। जनपद परिसर से श्रद्धालुओं को जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे, भाजपा नेता सीताराम सिंहा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिलोचन नायक, किशोर बघेल एवं राकेश पटेल, सतीश ध्रुव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रद्धालुओं को प्रयागराज, काशी विश्वनाथ और सोया हनुमान जी के दर्शन कराए जाएंगे। श्रद्धालुओं में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।



## बेलटुकरी में नशामुक्ति अभियानः बनाने, बेचने और पीने वालों पर लगेगा जुर्माना

### गांव की महिलाओं ने की पहल, भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किया समर्थन देते हुए सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड के बेलटुकरी पंचायत के अमावस में एक प्रेरणादायी तस्वीर देखने को मिली। जहां ग्रामीणों ने नशे के दुष्प्रभाव को समझते हुए सामूहिक रूप से नशामुक्ति अभियान की शुरुआत की। गांव में रैली निकालकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी ने मिलकर नशा छोड़ने और नशामुक्त समाज बनाने की शपथ भी ली। ग्रामीण नशे के खिलाफ खुलकर आवाज बुलंद कर रहे हैं और लोगों से नशे को त्यागने की अपील कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी तय किया कि गांव में अब शराब बनाने और पीने वालों पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। उनकी यह सकारात्मक पहल आने वाली पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

ग्रामीणों का कहना है कि हमारा गांव, जो नशे की गर्त में डूब रहा है। मदिरा सेवन से इसी गांव के कई लोग सड़क दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा गए। महिलाओं का कहना है कि नारी शक्ति गांव में किसी को देसी शराब बनाने बेचने नहीं देंगी और न ही पीने देंगी। शराब पीने वालों को समझाया जाएगा। सुनीता ने कहा कि गांव की महिलाएं अब शराब के खिलाफ एकजुट हो चुकी हैं, जो भी व्यक्ति गांव में शराब बनाते, बेचते या पीते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आर्थिक दंड के साथ-साथ जेल भेजने की भी व्यवस्था की गई है।



#### शराब से बिगड़ते बच्चे और परिवार

स्थानीय निवासी सावित्री ने कहा कि गांव में बच्चों की पढ़ाई पर शराब का गहरा असर पड़ रहा है। कई माता-पिता नशे की चपेट में आकर अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, जिससे बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इसी वजह से महिलाओं ने नशा मुक्ति मुहिम की शुरुआत की है ताकि आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य दिया जा सके।

#### ग्रामीणों का समर्थन

ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्णय आम जनता की सोच का परिणाम है। इस विषय पर सचिवालय बैठक में भी चर्चा की गई थी और यह माना गया कि लोगों के भविष्य को सुधारने के लिए शराबबंदी जरूरी है। ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताया है और नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने लिए पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

#### सामाजिक सुधार की दिशा में कदम

ग्रामीणों के अनुसार शराब की वजह से न केवल बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी, बल्कि स्वास्थ्य और जीवनशैली पर भी बुरा असर पड़ रहा था। लोगों की दिनचर्या असंतुलित हो रही थी और पारिवारिक माहौल भी बिगड़ रहा था। ऐसे में ग्राम अमावश की जनता ने एकजुट होकर यह ठोस कदम उठाया है।

#### ग्रामीणों की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में विभिन्न जगहों पर छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस सड़क से आवागमन खतरनाक हो गया है। रोज आए दिन एक्सीडेंट होता रहता है। जनहित को देखते हुए भोरिंग से अछोली से बेलटुकरी, अमावस रोड बनाने का शासन प्रशासन से मांग की है। साथ ही गांव में बने पानी टंकी को जल्द से जल्द चालू करने की मांग की है।

## 5 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए मिली मंजूरी

### शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य में जल्द ही 5 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। इन पदों के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है।



#### बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का किया था समायोजन

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े फैसले लिए हैं। कुछ माह पहले सेवा समाप्त 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन किया गया। इससे बर्खास्त हुए बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को राहत मिली है।

## योग आयोग अध्यक्ष का खल्लारी में किया गया स्वागत

**खल्लारी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का ग्राम बोईरगांव आगमन पर आंवराडबरी रेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह भारतीय जनता पार्टी खल्लारी मंडल के महामंत्री ताराचंद देवांगन के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक हुआ।

ज्ञातव्य हो कि अध्यक्ष सिन्हा अपने एक निजी पारिवारिक कार्यक्रम में बोईरगांव आए हुए थे। आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन एकत्र हुए और उनसे भेंट कर उनका स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में डॉ. किशोर सिन्हा, प्रकाश चंद्राकर, योग शिक्षक नंद कुमार निषाद, सहकारी समिति अध्यक्ष पप्पू सांवरा, बूथ अध्यक्ष कीर्तन साहू, किसान मोर्चा महामंत्री पूरन सबर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश चंद साहू, बूथ अध्यक्ष खिलेश साहू, मीडिया प्रभारी तुकाराम सिन्हा, सूरज साहू, लेखराज साहू सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।अध्यक्ष सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योग को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को संतुलित करने का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन भारत की अमूल्य धरोहर है, जिसे आधुनिक जीवनशैली में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने उपस्थित युवाओं और ग्रामीणजनों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रतिदिन योगाभ्यास करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य योग आयोग द्वारा आगामी महीनों में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



# जिले से हजारों लोग राज्योत्सव रजत जयंती समारोह में होंगे शामिल

## सांसद रूपकुमारी की भाजपा कार्यकर्ताओ से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 1 नवम्बर को 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा राजधानी रायपुर में राज्योत्सव उत्साह, उमंग से मनाया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्योत्सव के रजत जयंती समारोह में शामिल होने आ रहे है। इसकी तैयारी के सिलसिले में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद लोकसभा के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अनोपचारिक रूप से सर्किट हाउस में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में आम जनता सहित भाजपा कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने किया है। देश के तत्कालिक प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य दिया है। छत्तीसगढ़ को सजाने सवारने का काम भी भाजपा ने ही किया है। इस अवसर पर राजिम के विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर उपस्थित थे। सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू ने कार्यकर्ताओ से कहा कि राज्य स्थापना दिवस ख़ुशी का अवसर है। हम सब को उत्साह उमंग के साथ रजत जयंती समारोह में शामिल होना है इस ख़ुशी के अवसर पर छत्तीसगढ़वासियों के बीच देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे है। जिले से आम जनता की सहभागिता ज्यादा से ज्यादा हो। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार आम जनता के हित में लगातार विकास के कार्य कर रही है। जनता में योजनाओ का सीधा लाभ मिलने से ख़ुशी का माहौल है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा रजत जयंती समारोह मनाना अपने आप में उत्साह का पल है।



### जिले में पदयात्रा 7 नवंबर को

सांसद ने आगामी कार्यक्रम को लेकर बताया कि विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत महिला एवं युवा सम्मलेन का आयोजन होगा। 31 अक्टूबर को जिले में सरदार वल्लभ भाई की 150 वी जयंती के अवसर पर सदभावना दौड़, सांसद खेल महोत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय खेलखुद, 7 नवम्बर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर पदयात्रा जिले में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने का दायित्व कार्यकर्ताओ को उन्होंने दिया।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री जगदीश यदु, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, बलदेव सिंह हुंदल ,उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, शिवशंकर जायसवाल, राधेश्याम सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, घनश्याम सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, लेखराज साहू, पारस ठाकुर, त्रिलोक सिंह राठौर, सरला उइके, भीम निषाद, अमित वखारिया, यश मिश्रा, कुपेश ध्रुव, पप्पू ठाकुर, राजीव साहू ,डॉ. अरविन्द तिवारी, लैबानो सोना, परमेश्वर सेन, भागीरथी साहू, देवेश्वर गजेन्द्र, कृष्णा गुप्ता, दुलारी साहू, हेमलता साहू इत्यादि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ नहीं किसानों को 2,457 प्रति एकड़ का नुकसान: भवानी शंकर

**गरियाबंद।** भाजपा सरकार 1 नवंबर से किसानों की धान की बढ़ी समर्थन मूल्य मिलाकर 3286 रुपए की दर से खरीदी करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि भवानी शंकर शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार 1 नवंबर से किसानों से धान 3286 रु. प्रति क्विंटल की दर से खरीदी करे।



भाजपा सरकार बनने के बाद धान के समर्थन मूल्य में दो बार वृद्धि हुआ है। पहली बार 117 रुपए की अभी दूसरी बार 69 रुपए कि इसका लाभ किसानों को मिलना चाहिए। दुर्भाग्य की बात है भाजपा की सरकार ने पहली बार बढ़ी समर्थन मूल्य की राशि किसानों को नहीं दिया और 3100 रुपए की दर पर धान खरीदी किया, जिसके चलते प्रदेश के किसानों को प्रति एकड़ 2457 रुपए का नुकसान हुआ है। इस बार धान के समर्थन मूल्य में पिछली बढ़ोतरी मिलाकर 186 रुपए हुआ है तो सरकार को 3286 रुपए क्विंटल की दर पर किसानो की धान खरीदना चाहिए, नहीं तो किसानों को प्रति एकड़ 3906 रुपए का नुकसान होगा। जो सीधा-सीधा किसानों को आर्थिक चोट पहुंचाने वाला है, यह किसानों के साथ अन्याय है। बढ़ी हुई समर्थन मूल्य किसानों का हक, अधिकार है उससे कम दर पर धान खरीदी करना किसानों के साथ बेईमानी है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि भवानी शंकर शुक्ल ने कहा कि भाजपा जब विपक्ष में थी तब धान का समर्थन मूल्य बढ़ने पर समर्थन मूल्य मिलाकर धान खरीदी की मांग करती थी, आंदोलन करती थी। कांग्रेस की सरकार ने 2500 रु. में धान खरीदी किया था और धान का समर्थन मूल्य बढ़ने पर 2660 रु. और 2800 रु. की दर से धान की खरीदी की। भाजपा अब सत्ता में है तब वह धान की बढ़ी समर्थन मूल्य देने से क्यों भाग रही है? भाजपा का यह किसान विरोधी चरित्र है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि किसानों की धान इस बार 3286 रुपए की दर से खरीदी की जाए, पिछले साल का बकाया 117 रुपए समर्थन मूल्य 21 क्विंटल की दर से किसानों को भुगतान किया जाए और 1 नवंबर से धान की खरीदी हो।

### रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** रुपए के लेनदेन को लेकर ग्राम बूटीपाली में दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हेमकुमार साहू पिता जीतराम साहू (28 साल) निवासी ग्राम बूटीपाली चौकी भंवरपुर थाना बसना ने बताया कि आरोपी अजय साहू पिता मानसाय निवासी पीपरभवना एवं करन मनहर पिता शिवकुमार मनहर ग्राम गाडापाली के द्वारा बीच-बीच में मेरे घर आकर उधार पैसा मांगने के नाम पर गाली गलौज किया जाता था।

### निधन

### चंद्रशेखर मिश्रा

**नवापारा-राजिम।** धमतरी नगर निगम में लिपिक के पद पर कार्यरत चंद्रशेखर मिश्रा का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोग शामिल हुए। वे नवापारा नगर पालिका में कार्यरत मुन्ना मिश्रा के बड़े भैया थे।



## समस्या : तत्कालीन कलेक्टर ने लावारिश मवेशियो और पशु पालकों को चिन्हांकित करने दिया था निर्देश

# मुख्य मार्गों पर मवेशियों का राज दुर्घटनाओं का खतरा, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 130 रायपुर-ओडिशा-देवभोग-गरियाबंद मार्ग पर इन दिनों आवारा मवेशियों का आतंक इतना बढ़ गया है कि सड़क दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। चौबीसों घंटे बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही वाले इस व्यस्त मार्ग पर जगह-जगह झुंड में बैठे मवेशियों की वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, मगर जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल से लेकर साईं मंदिर-चौबेबांधा मोड़ तक लगभग 2 किलोमीटर के हिस्से में 50 से 100 की संख्या में मवेशी झुंड बनाकर सड़क पर खड़े या बैठे रहते हैं। रात के समय ये मवेशी अक्सर दिखाई नहीं पड़ते, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



### अधिकारी के आदेश भी हवा-हवाई

विदित हो कि जिले के तत्कालीन कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक बैठक में सड़कों पर घूम रहे मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि:

1. आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।
2. जानबूझकर अपने मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले पशु मालिकों पर कठोर कार्यवाही की जाए।
3. पशु पालकों की बैठक लेकर उन्हें दुर्घटनाओं के संबंध में जागरूक किया जाए।
4. आदेश का पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराएं।
5. पंचायतवार पशु पालकों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाए। हालांकि, अब तक इस समिति ने कितने मालिकों और आवारा मवेशियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया है, इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लापरवाही के कारण ये आदेश सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहे, और सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

### शहर के प्रमुख चौक-चौराहों की स्थिति

**कुलेश्वर मेडिकल स्टोर्स व श्यामाचरण शुक्ल चौक -** यहां 50 से 100 मवेशी बीच सड़क पर बैठे रहते हैं।

**पं. सुंदरलाल शर्मा चौक -** यह चौक चारों तरफ से मवेशियों से घिरा रहता है, जिससे बचकर निकलना मुश्किल होता है। गोवर्धन चौक, शर्मा टेंट हाउस के सामने पुराना नल टंकी हटरी से लेकर दत्तात्रेय मंदिर मोड़, कौर हॉस्पिटल और राजिम भक्तिन माता चौक तक मवेशियों का जमघट रहता है। वाहन चालक हॉर्न बजाने या लाइट की चकाचौंध रोशनी दिखाने के बावजूद भी मवेशियों को हटा नहीं पाते हैं। गुस्सा होने के बावजूद 'गौ माता' और छोटे बछड़े होने की दया भावना के कारण वे मन मसोस कर आगे बढ़ जाते हैं।

# चार दिवसीय छठ पूजा आस्था अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का लोकपर्व: भागचंद चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भारतीय संस्कृति और परंपराओं में लोकआस्था के पर्वों का विशेष महत्व रहा है। इन्हीं में से एक है छठ पूजा, जो सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का चार दिवसीय पावन पर्व है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छता, संयम, पारिवारिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।



**पहला दिन नहाय-खाय: शुद्धता की शुरुआत** छठ पर्व की शुरुआत कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से होती है। पहले दिन व्रती व्यक्ति पवित्र स्नान कर घर की सफाई करते हैं। इस दिन चने की दाल, कद्दू की सब्जी और भात का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसे व्रत की शुद्ध शुरुआत माना जाता है।

**दूसरा दिन खरना: आत्मसंयम का प्रतीक** दूसरे दिन व्रती निर्जला उपवास रखते हैं। सूर्यास्त के बाद स्नान कर गुड़-चावल की खीर, रोटी और फल का प्रसाद अर्पित कर व्रत खोला जाता है। इस दिन व्रती की आत्मशुद्धि और संयम का विशेष महत्व होता है।

**तीसरा दिन संध्या अर्घ्य: अस्त होते सूर्य को नमन-** तीसरे दिन घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। बांस की सुपलियों में ठेकुआ, केला, नारियल, फल और अन्य प्रसाद सजाए जाते हैं। व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। गीतों और दीपों से सजे घाट भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण निर्मित करते हैं।

**चौथा दिन उषा अर्घ्य: उगते सूर्य को अर्पण-** पर्व का समापन चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होता है। महिलाएं जल में खड़ी होकर सूर्यदेव से संतान, परिवार और समाज की समृद्धि की प्रार्थना करती हैं। इस अनुष्ठान के साथ चार दिन का यह व्रत पूर्ण होता है और प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धा का यह पर्व लोकमंगल का संदेश देता है।

**आस्था और पर्यावरण का संगम-** छठ पूजा की विशेषता यह है कि इसमें मूर्ति पूजा नहीं होती, बल्कि प्रत्यक्ष देवता सूर्य की उपासना की जाती है। यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। स्वच्छता, पवित्रता और जैविक प्रसाद का उपयोग इस पर्व को पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाता है।

## अंकिता व अनुराग ने बनाई आकर्षक रंगोली...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के आमापारा निवासी शिक्षक प्रदीप सिन्हा की पुत्री कु. अंकिता सिन्हा और पुत्र अनुराग सिन्हा ने भाईदूज पर्व के अवसर पर अपने घर के सामने एक अत्यंत आकर्षक रंगोली सजाई। यह रंगोली इतनी सुंदर और मनमोहक थी कि इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों भाई-बहन की कलाकारी की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की।

## विधायक ने श्यामलाल साहू दी श्रद्धांजलि

**फिंगेश्वर।** रविवार को गायत्री मंदिर में नगर साहू संघ फिंगेश्वर के कार्यकारी अध्यक्ष राजू साहू के नाना स्वर्गीय श्यामलाल साहू के वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में राजिम विधायक रोहित साहू ने पहुंचकर स्वर्गीय श्यामलाल साहू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, राजू साहू, पूर्व सरपंच नेहरू साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू, परमानंद यादव, जगदीश साहू, जगदीश यादव, मनीष हरित, दीपक पोद्दार, ओम प्रकाश बंछोर, हरनारायण सूर्यवंशी, मुकेश साहू, कुंजबिहारी साहू, परस राम साहू सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया।



# मातर व भाईदूज समारोह में प्राध्यापक शिक्षक और छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर/चंदखुरी

मातर एवं भाईदूज के अवसर पर ग्राम कोलर में हर्षोल्लास के साथ ग्राम गौरव प्रतिभा परिवार सम्मान सह दीपावली मिलन समारोह एवं विराट हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं अध्यक्षता विधायक इंद्रकुमार साहू ने की। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ प्रथम सत्र में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं लगभग 20 शिक्षकों को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं विधायक द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर ग्राम गौरव प्रतिभा परिवार सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है आज प्रदेश संचार क्रांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है एआई हब से लेकर रोबोटिक्स की पढ़ाई युवाओं के लिए नए अवसर खोल रही है। गुरू खुशवंत साहबे ने सरस्वती शिशु मंदिर सारखी के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 7 लाख की घोषणा की।




विधायक इंद्रकुमार साहू ने भाईदूज के पावन पर्व पर भाई-बहन के स्नेह का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और समिति को स्वेच्छानुदान से 10 हजार रूपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। सम्मानित शिक्षकों में लोकमणी यादव , मनोज कुमार साहू, सत्येंद्र साहू, प्रदीप साहू, शिवकांत साहू, रघुराम साहू, मोनिका साहू, मुक्तानंद ध्रुव, शेषनारायण साहू , गयाराम ध्रुव, शिवकुमार टंडन, लता साहू, सरोज यादव, हरिराम यादव, ओमप्रकाश टंडन, होरीलाल ध्रुव, द्वारिका प्रसाद साहू, खेमलता साहू, भूपेंद्र साहू एवं चुनूराम साहू प्रमुख रहे।

**हास्य-व्यंग्य की कविताओं ने जमाया रंग-** दूसरे सत्र में विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के चर्चित कवियों ने अपनी शानदार रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कृष्णा भारती ने छत्तीसगढ़ी कविता से वाहवाही लूटी, भरत द्वेदी ने पिता पर अपनी भावपूर्ण रचना सुनाई, डा. मयंक शर्मा ने वीर रस की कविताओं से देशभक्ति का जोश जगाया, और अंजुलता साहू ने श्रृंगार रस की कविताओं से वातावरण को रोमांचित कर दिया। संचालन मनोज शुक्ला ने अपने हास्य-व्यंग्य से किया। कार्यक्रम का संचालन कवि डिकेश्वर साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन गजेन्द्र कुमार साहू द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, सभापति अन्नू तारक, जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, तनु महेश साहू, शकुंतला माहेश्वर बांधे, संतोष यदु , डीएसपी गुरुनारायण यादव, किशोर साहू ,हरीराम यादव,गजेन्द्र साहू,गज्जू यादव,सौम्य मिश्रा,रघुराम साहू,दीपक साहू,टीकू साहू,संतोष साहू,महेश साहू,यशकुमार साहू,भारत धुरव,मनोज पटेल,डॉ तोषण साहू सहित अनेकों जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ग्राम जामगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीवी पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम देखा

# पीएम मोदी ने की अंबिकापुर के गार्बेज कैफे की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

26 अक्टूबर रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के "मन की बात" कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 11 बजे टी वी पर प्रसारित होने पर ग्राम जामगांव के बूथ क्रमांक 11 में भाजपा कार्यकर्ताओ एवं नागरिकों ने सुनी एवं मोदी जी के द्वारा बताये गये बातो को प्रेरणादायी बताया। प्लास्टिक के बदले भोजन देने को लेकर अंबिकापुर के गार्बेज कैफे की मोदी ने प्रशंसा की। मन की बात की 127 कड़ी मे प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे की चर्चा की और बताया की यहां पर प्लास्टिक के बदले भोजन दिया जाता है।प्लास्टिक मुक्त अंबिकापुर बनाने के लिए इस कैफे के संचालक के द्वारा एक अभिनव पहल कर अंबिकापुर का नाम रोशन कर रहा है वहीं पर शहर को प्लास्टिक के प्रदूशण से बचाने का एक प्रयास है। पीएम ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और लोगों से इस उत्सव में शामिल होने की अपील की। पीएम मोदी ने मन की बात में जीएसटी बचत उत्सव, सरदार पटेल की 150वीं जयंती, रन फॉर यूनिटी जैसे विषयों पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों के दौरान जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में जबरदस्त वृद्धि हुई है। 7 नवंबर को राष्ट्रगीत वंदे मातरम का 150 वर्ष पूरे होंगे, यादगार बनाने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संबोधन मे बेंगलुरु के इंजीनियर की तारीफ की।पीएम ने कहा कि बेंगलुरु में इंजीनियर कपिल शर्मा ने 6 झीलों और 40 कुओं को साफ कर दोबारा जिंदा किया।स्वच्छता को लेकर लोगों में काफी जागरूकता देखने को मिल रही है।



**भारतीय नस्ल के कुत्तों को अपनाएं-** पीएम ने कपिल शर्मा को धन्यवाद भी कहा। भारतीय नस्ल के कुत्तों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ये कुत्ते अपने परिवेश मे ढल जाते है और सुरक्षा के काम भी आ सकते हैं। सरदार पटेल की 150वीं जयंती सरदार पटेल आधुनिक समय में देश के सबसे महान व्यक्तियों में से एक रहे हैं। गांधीजी से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया। मैं आग्रह करता हूं कि 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर हो रही रन फॉर यूनिटी में भाग लें और अकेले ही नहीं, बल्कि दूसरों के साथ भी भाग लें। इस अवसर उपस्थित महामंत्री मंडल फिंगेश्वर प्रेमलाल टोडर, मिजून साहू, मंडल उपाध्यक्ष, दशरथ सिन्हा, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा,लालता प्रसाद ध्रुव, हेम सिंह तारक, यशवंत साहू, नीलम साहू, मेवालाल तारक, अरुण सिन्हा, भगेलू राम साहू, हेमेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

